जनपद शामली पुलिस

--मीडिया / सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेसविज्ञप्ति **दिनांकः- 14.11.2020**

कोतवाली शामली

खाई बाड़ी कर रहा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 450 रूपये नकद, पर्चा सट्टा, गत्ता पेन्सिल आदि बरामद

दिनांक 13.11.2020 को समय 19.35 बजे थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा मौहल्ला सरवरपीर से कुकर फैक्ट्री की ओर जाने वाले रास्ते से एक अभियुक्त अंकुश पुत्र कृष्णपाल निवासी सरजीत कालौनी बरखण्डी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है, जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली शामली पर मु0अ0सं0 555 / 2020 धारा 13 जी एक्ट पंजीकृत किया गया।

थाना कैराना

थाना कैराना पुलिस द्वारा शराब तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची एवं 04 लीटर रेक्टीफाईड शराब बरामद।

आज दिनांक 14.11.2020 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री नित्यानंद राय के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा गस्त के दौरान कार्यवाही करते हुए भूरा मार्ग से 10 लीटर अवैध कच्ची एवं 04 लीटर रेक्टीफाईड शराब सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. शहजाद पुत्र ऐजाज हसन उर्फ जाज निवासी भूरा थाना कैराना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1. अवैध कच्ची शराब 10 लीटर।

1. रेक्टीफाईड शराब 04 लीटर।

बरामदगी एवं गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री शैलेन्द्र गौड थाना कैराना जनपद शामली।
2. उ0नि0 श्री रमेश चन्द थाना कैराना जनपद शामली।
3. है0का0 रविन्द्र सिंह थाना कैराना जनपद शामली।

<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा शराब तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 36 बोतल अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद ।</u>

आज दिनांक 14.11.2020 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री नित्यानंद राय के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध शराब की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए कैराना तितरवाणा मार्ग पर स्थित रेवती इण्टर कालिज के पास से 36 बोतल अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

1. भीम सिंह पुत्र अजब सिंह निवासी ग्राम बुच्चाखेडी थाना कैराना जनपद शामली ।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1. अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का 36 बोतल ।

<u>बरामदगी एवं गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-</u>

1. उ0नि0 श्री राजकुमार चंदेल थाना कैराना जनपद शामली ।
2. का0 कौशेन्द्र थाना कैराना जनपद शामली ।
3. का0 सुनील कुमार थाना कैराना जनपद शामली ।
4. का0 रामकुमार थाना कैराना जनपद शामली ।
5. का0 मनोज कुमार थाना कैराना जनपद शामली ।

थाना थानाभवन

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के अभियुक्त को 48 घण्टे में किया गिरफ्तार।

दिनांक 14.11.2020 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री नित्यानंद राय के आदेशानुसार मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सम्बन्धी अपराधों में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी को चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस नाबालिग बच्ची को अपने साथ बहलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को घटना के 48 घण्टे के भीतर चरथावल तिराहे से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। जिसके सम्बन्ध में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 12.11.2020 को थाना थानाभवन के ग्राम हसनपुर लुहारी की रहने वाली 05 वर्षीय बच्ची के बहला फसलाकर ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म होने की सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थानाभवन द्वारा मौके पर पहुचकर घटनास्थल का मौका मुआयना कर बच्ची को मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा गया। बच्ची के पिता की लिखित तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर नामजद अभियुक्त के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थानाभवन के नितृत्व में एक टीम का गठन कर लगाया गया था।

नाम व पता अभियुक्तः-

1-फहीम पुत्र इरशाद कुरैशी निवासी हसनपुर लुहारी थाना थानाभवन जनपद शामली।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री उपेन्द्र सिंह थाना थानाभवन जनपद शामली।
2. है0का0 वेदपाल राणा थाना थानाभवन जनपद शामली ।